हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 22 फरवरी 2026

[ गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली ]

06 पंचकल्याणक महोत्सव के पूर्व घर-घर में बज रहे ...



09 भाजपा किसान संवाद एवं जनपद स्तरीय सम्मेलन ...




# 21 किमी मैराथन दौड़ में पुरुष वर्ग में सतीश और महिला वर्ग में मुस्कान अव्वल

## प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को 21 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया , 10 किमी पुरुष वर्ग में जीतू गुर्जर और महिला वर्ग में यशी विजेता रहीं

**कलेक्टर , एसपी सहित जनप्रतिनिधि भी हुए मैराथन दौड़ में शामिल।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद द्वारा आयोजित बेतवा मैराथन-2026 का उत्साहपूर्वक समापन हुआ। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ऐतिहासिक धरोहरों और पर्यटन स्थलों का प्रचार-प्रसार करने के साथ-साथ फिटनेस का संदेश देना था। मध्यप्रदेश टूरिज्म के सहयोग से हुई इस मैराथन में शहर के अलावा अन्य राज्यों से आए प्रतिभागियों ने भी दौड़ लगाई।

**मैराथन को तीन मुख्य श्रेणियों में बांटा गया:** 21 किमी हाफ मैराथन, 10 किमी ओपन रन और 5 किमी रन फॉर फन, इन तीनों श्रेणियों में पुरुष और महिला वर्ग के लिए अलग-अलग नकद पुरस्कार रखे गए थे। दौड़ की शुरुआत रवीन्द्रनाथ टैगोर सांस्कृतिक भवन ऑडिटोरियम से हुई। 5 किमी के धावक स्वामी विवेकानंद चौराह तक, 10 किमी के धावक चरणतीर्थ तक और 21 किमी के धावक उदयगिरि तक पहुंचे, और फिर वापसी कर समापन स्थल पर लौटे।



विदिशा। 21 किमी मैराथन दौड़।

रास्ते भर नागरिकों ने तालियों से धावकों का उत्साह बढ़ाया। इस मैराथन में विधायक मुकेश टंडन, कलेक्टर अंशुल गुप्ता, पुलिस अधीक्षक रोहित कसवानी और जिला पंचायत सीईओ सहित कई जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया।

विजेताओं में 21 किमी पुरुष वर्ग में सतीश वर्मा प्रथम और सतीश कुमार द्वितीय रहे, जबकि महिला वर्ग में मुस्कान कुशवाह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 10 किमी पुरुष वर्ग में जीतू गुर्जर और महिला वर्ग में यशी विजेता रहीं। 5 किमी महिला वर्ग में प्रीति यादव ने पहला स्थान हासिल किया। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि यह आयोजन खेल, स्वास्थ्य और पर्यटन को एक मंच पर लाने का एक सफल प्रयास है।

उन्होंने बताया कि इसमें व्यवसायी, डॉक्टर, इंजीनियर, जनप्रतिनिधि, युवा और वरिष्ठ नागरिकों सहित समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कलेक्टर ने यह भी उल्लेख किया कि अन्य राज्यों से आए प्रतिभागियों की उपस्थिति से जिले के पर्यटन को एक नई पहचान मिलेगी।

### विजेताओं के लिए यह रखी इनाम की राशि

21 किमी दौड़ के विजेता को 21 हजार, द्वितीय को 10 हजार और तृतीय को 5 हजार दिए गए। 10 किमी के लिए प्रथम को 10 हजार, द्वितीय को 5 हजार और तृतीय को 3 हजार का इनाम मिला। वहीं 5 किमी दौड़ में प्रथम को 5 हजार, द्वितीय को 3 हजार और तृतीय को 2 हजार दिए गए। 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए 5 किमी की एक विशेष दौड़ भी आयोजित की गई थी।

## खबर संक्षेप

### 20 से चना, मसूर के पंजीयन प्रारंभ

**विदिशा।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 20 फरवरी से शुरू होकर 16 मार्च तक किया जाएगा। यह पंजीयन निशुल्क रहेगा और पूर्व वर्षों की तरह सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं के माध्यम से संचालित 113 केंद्रों पर किया जाएगा। किसान केवल निर्धारित सहकारी पंजीयन केंद्रों पर ही निःशुल्क पंजीयन करा सकेंगे। इसके अतिरिक्त एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र, कियोस्क, साइबर कैफे तथा निजी संचालित केंद्रों के माध्यम से 50 रुपए शुल्क देकर भी पंजीयन कराया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए कंट्रोल रूम नंबर 07592-233153 पर संपर्क किया जा सकता है।

### नव्या प्रोजेक्ट में प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित

**विदिशा।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय व कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय की संयुक्त पहल के अंतर्गत नव्या प्रोजेक्ट में विदिशा जिले के दो प्रशिक्षण केंद्र का चयन हुआ है, जिसमें शासकीय आईटीआई गंजबासौदा एवं शासकीय आईटीआई लटेरी में डिजिटल मित्र व सेल्फ एंप्लॉई टेलर का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाना है। जिसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 27 फरवरी निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 27 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण हेतु बालिकाओं की आयु 16 से 18 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षण हेतु आवेदन करने के लिए मो. नं. 91 76973 13318 (सीडीपीओ लटेरी),91 94252 45237 (सीडीपीओ गंज बासौदा) पर संपर्क किया जा सकता है।

### पुलिस ने 17 वर्षीय बालिका बरामद किया

**विदिशा।** 13 जनवरी को 17 वर्षीय नाबालिग बालिका की गुमशुदगी पर कोतवाली में मामला दर्ज किया गया। एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में संचालित ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे व नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई। थाना प्रभारी आनंद राज के नेतृत्व में टीम ने सतत प्रयास कर 21 फरवरी को बालिका को विदिशा से बरामद कर परिजनों को सौंपा। अभियान में अब तक 366 से अधिक गुमशुदा बच्चे मिलाए जा चुके हैं।

## 510 मतदाताओं के नाम मृत्यु के कारण हटाए, जिनमें 342 पुरुष व 168 महिलाएं शामिल

# पुनरीक्षण के बाद जिले में 4 हजार 338 नाम हटाए गए, 16 हजार 888 नए मतदाता जुड़े

**मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हुआ**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 के तहत जिले में मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

अभियान के दौरान जहां 16 हजार 888 नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए, वहीं 4 हजार 338 मतदाताओं के नाम विभिन्न कारणों से सूची से हटाए गए। इस प्रकार जिले में कुल 12,550 मतदाताओं की शुद्ध वृद्धि दर्ज की गई है। निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी जानकारी के अनुसार नाम विलोपन के प्रमुख कारणों में स्थायी रूप से अन्य स्थान पर स्थानांतरण, मृत्यु, लंबे समय से अनुपस्थिति तथा दोहरी प्रविष्टि शामिल हैं। जिले में 510 मतदाताओं के नाम मृत्यु के कारण हटाए गए, जिनमें 342 पुरुष एवं 168 महिलाएं शामिल हैं। 347 मतदाताओं के नाम लंबे समय से अनुपस्थित पाए जाने पर विलोपित किए गए, जबकि 64 मतदाताओं के नाम अन्य स्थान पर पूर्व से पंजीकृत होने के कारण हटाए गए। सबसे बड़ा कारण स्थायी स्थानांतरण रहा। इसके अंतर्गत 1 हजार 852 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए, जिनमें 543 पुरुष, 1 हजार 308 महिलाएं और 1 अन्य मतदाता शामिल हैं। इसके अतिरिक्त अन्य कारणों से 1 हजार 564 नाम विलोपित किए गए। विधानसभा क्षेत्रवार आंकड़ों के अनुसार विदिशा विधानसभा में 1 हजार 101, सिरोंज में 1 हजार 2, बासौदा में 891, शमशाबाद में 764 तथा कुरवाई में 580 मतदाताओं के नाम हटाए गए।

### सिरोंज विधानसभा क्षेत्र में हुई सबसे अधिक बढ़ोतरी

विधानसभा क्षेत्रवार नए नामों की बात करें तो सिरोंज में सर्वाधिक 5 हजार 248 नाम जुड़े। बासौदा में 4 हजार 539, विदिशा में 3 हजार 021, कुरवाई में 2 हजार 331 तथा शमशाबाद में 1,749 नए मतदाता सूची में शामिल किए गए। शुद्ध वृद्धि के आंकड़ों के अनुसार सिरोंज में 4 हजार 246, बासौदा में 3 हजार 648, विदिशा में 1 हजार 920, कुरवाई में 1 हजार 751 तथा शमशाबाद में 985 मतदाताओं की वृद्धि दर्ज की गई। निर्वाचन कार्यालय ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक सटीक, पारदर्शी और अद्यतन बनाना है, ताकि सभी पात्र नागरिक लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकें। अभियान के दौरान मृत, स्थानांतरित और अपात्र मतदाताओं के नाम हटाने के साथ-साथ नए पात्र नागरिकों को सूची में शामिल करने पर विशेष ध्यान दिया गया।



### 16 हजार 888 नए मतदाता का पंजीयन

विशेष पुनरीक्षण अभियान के दौरान फॉर्म-6 के माध्यम से 16 हजार 124 नए मतदाताओं का पंजीयन किया गया, जिनमें 7 हजार 824 पुरुष और 8 हजार 300 महिलाएं शामिल हैं। वहीं फॉर्म-8 (शिफ्टिंग) के तहत 764 मतदाताओं के नाम स्थानांतरण के आधार पर जोड़े गए, जिनमें 284 पुरुष और 480 महिलाएं शामिल हैं। नए जुड़े कुल मतदाताओं में 8 हजार 108 पुरुष और 8 हजार 780 महिलाएं हैं, जो महिला मतदाताओं की बढ़ती भागीदारी को दर्शाता है।

**कुल मतदाता 10 लाख 64 हजार 999, जेंडर रेश्यो 900 युवा मतदाता 2.78 7441 वरिष्ठ मतदाता**

प्रोजेक्टेड पॉपुलेशन वर्ष 2026 के आधार पर तैयार नवीनतम आंकड़ों के अनुसार विदिशा जिले में कुल 10 लाख 64 हजार 999 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 5 लाख 60 हजार 500 पुरुष, 5 लाख 4 हजार 477 महिला तथा 22 अन्य मतदाता शामिल हैं। जिले का जेंडर रेश्यो 900 दर्ज किया गया है, जबकि ईपी रेश्यो 60 .40 प्रतिशत है। विधानसभा क्षेत्रवार स्थिति के अनुसार विदिशा विधानसभा में 2 लाख 14 हजार 283, बासौदा में 2 लाख 7 हजार 776, कुरवाई में 2 लाख 30 हजार 5, सिरोंज में 2 लाख 16 हजार 53 तथा शमशाबाद में 1 लाख 96 हजार 882 मतदाता पंजीकृत हैं। जारी आंकड़ों के अनुसार जिले में युवा मतदाताओं की संख्या उल्लेखनीय है। 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग में 10 हजार 303 मतदाता तथा 20 से 29 वर्ष आयु वर्ग में 2 लाख 78 हजार 399 मतदाता शामिल हैं, जो लोकतंत्र की मजबूती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा जिले में 85 वर्ष से अधिक आयु के 7 हजार 441 वरिष्ठ मतदाता भी पंजीकृत हैं। वहीं जिले में कुल 10 हजार 303 पीडब्ल्यूडी (दिव्यांग) मतदाता चिन्हित किए गए हैं तथा 398 सर्विस मतदाता भी शामिल हैं। निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदाता सूची को अद्यतन एवं व्यवस्थित रखने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है, जिससे सभी पात्र नागरिकों को मतदान का अधिकार सुनिश्चित किया जा सके। प्रशासन द्वारा युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करने एवं अधिक से अधिक पंजीयन सुनिश्चित करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

# सतपाड़ा कला हाईस्कूल में 5वीं का हिंदी पेपर लीक वीडियो वायरल से हड़कंप



■ प्रभारी बोले : शिक्षक बच्चों को केंद्र पर छोड़ने आए थे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बासौदा/ग्यारसपुर

गंजबासौदा विकासखंड के जनपद शिक्षा केंद्र अंतर्गत सतपाड़ा कला हाईस्कूल परीक्षा केंद्र पर कक्षा पांचवीं और आठवीं की वार्षिक परीक्षाएं संचालित की जा रही हैं।

शुक्रवार को कक्षा पांचवीं के हिंदी विषय का प्रश्नपत्र लीक होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो ने पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया है और शिक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### मोबाइल से उत्तर खोजते नजर आ रहे शिक्षक

वायरल वीडियो में दो शिक्षक मोबाइल पर प्रश्नपत्र देखते और इंटरनेट से उत्तर खोजते नजर आ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार प्राथमिक शाला सतपाड़ा कला में पदस्थ शिक्षक शैलेंद्र दुबे पर आरोप है कि उन्होंने परीक्षा शुरू होते ही मोबाइल से प्रश्न हल किए और कथित रूप से पर्चियों के माध्यम से विद्यार्थियों तक उत्तर पहुंचाए।

### केंद्र प्रभारी का इनकार

परीक्षा केंद्र प्रभारी ने नकल या किसी भी अनियमितता से साफ इनकार किया है। उनका कहना है कि अन्य विद्यालयों के शिक्षक केवल बच्चों को छोड़ने और रोल नंबर उपलब्ध कराने आए थे, केंद्र पर नकल जैसी कोई गतिविधि नहीं हुई। अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल प्रतिबंध, सीसीटीवी निगरानी और सख्त व्यवस्था लागू करने की आवश्यकता जताई है। जिला शिक्षा अधिकारी एस.पी. जाटप ने मामले को डीपीसी के कार्यक्षेत्र का बताया, जबकि डीपीसी से संपर्क नहीं हो सका।

### एसआईटी गठन कर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग



**विदिशा।** बुजुर्ग महिला से हुई करीब 5 लाख रुपए की ठगी के मामले में सकल तारण तरण दिगंबर जैन समाज और शहर के नागरिकों ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। शनिवार को समाज के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी को ज्ञापन सौंपा और त्वरित कार्रवाई की मांग की। यह घटना खरीफाटक रोड स्थित जैन मंदिर से दर्शन कर लौट रहीं विमला बाई जैन के साथ हुई थी। कुछ दिन पहले अज्ञात बदमाशों ने उन्हें बातों में उलझाकर उनके जेवरात ठग लिए थे। इस संबंध में कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया गया था। ज्ञापन में बताया गया कि घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिल सका है और न ही ठगा गया माल बरामद हुआ है। समाज ने इस स्थिति को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि पीड़िता मानसिक और आर्थिक रूप से टूट गई हैं और आम नागरिकों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। समाज ने अपने ज्ञापन में लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व न्यू अरिहंत विहार कॉलोनी में हुई चोरी का मामला भी उठाया। पदाधिकारियों ने बताया कि 12 अक्टूबर 2024 को वैभव जैन के यहां लाखों रुपए की चोरी हुई थी, जिसमें करीब 16 महीने बीत जाने के बाद भी कोई ठोस खुलासा नहीं हो सका है।

# विदिशा से हजारों कांग्रेसी कार्यकर्ता जाएंगे भोपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

इंडिया-यूएस ट्रेड डील से किसानों को संभावित नुकसान के मुद्दे पर कांग्रेस द्वारा प्रेसवार्ता आयोजित की गई। प्रेसवार्ता में 24 फरवरी को भोपाल में आयोजित होने वाली किसान महापंचायत की जानकारी दी गई, जिसमें नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लीकार्जुन खड़गे के आगमन की पुष्टि की गई।

जिला प्रभारी एवं पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, पूर्व अध्यक्ष कमल सिलाकारी, प्रदेश सचिव आनंद प्रताप सिंह, नगर अध्यक्ष रवि साहू और मीडिया प्रभारी सुशील शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अन्नदाताओं के साथ मजबूती से खड़ी है और ट्रेड डील किसानों के हितों के खिलाफ है। नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी दबाव में यह समझौता किया, जिससे देश के किसानों को नुकसान होगा। कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष कमल सिलाकारी ने कहा कि सरकार जवाबदारी नहीं ले रही है। मंत्री अमेरिका डील पर अलग अलग बाते कर रहे हैं और भी डील की बातों को सष्ट नहीं कर पा रहा है। संसद और विधानसभा में बहस नहीं हो पा रही है। विपक्ष अपनी आवाज उठा रहा है और पूर्ण रूप से अपनी भूमिका निभा रहा है। कांग्रेस के समय जवाबदारी लेकर मंत्री और नेताओं द्वारा इस्तीफे दिए जाते थे। पर अब सब जवाबदारी लेने से बच रहे हैं सरकार अहंकार के मद में चूर है।




# नशे में युवक ने नगरपालिका की रोबोटिक जेसीबी मशीन में तोड़फोड़ की, ऑपरेटर से भी मारपीट की

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नगरपालिका की कचरा प्रबंधन व्यवस्था में इस्तेमाल हो रही रोबोटिक जेसीबी मशीन पर शेरपुरा क्षेत्र में एक युवक ने हमला कर दिया। मशीन के ड्राइवर-ऑपरेटर के साथ भी मारपीट की गई। घटना के बाद नपा अधिकारियों ने सिविल लाइन थाने में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। नपा में ड्राइवर-ऑपरेटर के पद पर कार्यरत रामकिशोर रघुवंशी शेरपुरा क्षेत्र में सफाई कार्य पूरा कर लौट रहे थे। गर्ल्स हॉस्टल के पास एक युवक ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि युवक नशे की हालत में था और उसने बिना किसी कारण गाली-गलौज शुरू कर दी। रामकिशोर रघुवंशी ने बताया कि जब वे युवक को समझाने के लिए वाहन से नीचे उतरे तो उसने उनके साथ मारपीट की। रामकिशोर खुद को बचाने के लिए मशीन में बैठ गए, लेकिन आरोपी ने पत्थर से हमला कर रोबोटिक जेसीबी में तोड़फोड़ कर दी। इस हमले में रामकिशोर को भी चोटें आई हैं। मशीन में करीब 50 हजार का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही नगरपालिका के अन्य कर्मचारी और अधिकारी सिविल लाइन थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

## परीक्षा में अब तक एक भी नकल प्रकरण नहीं बना

# कक्षा 12वीं की परीक्षा में 21 परीक्षार्थी अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा के अंतर्गत जिले में आयोजित कृषि, होम साइंस (कला समूह) एवं एकाउंटेंसी विषय की परीक्षा हुई।

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा में कुल 1781 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 1760 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 21 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कृषि विषय में पंजीकृत 1 परीक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित रहा और कोई भी अनुपस्थित नहीं रहा। होम साइंस (कला समूह) विषय में कोई भी परीक्षार्थी पंजीकृत नहीं था। वहीं एकाउंटेंसी विषय में पंजीकृत 1780 परीक्षार्थियों में से 1759 उपस्थित रहे और 21 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।



# गाय को बचाने के चक्कर में ट्राला पलटा 13 वर्षीय बालक की मौत, बहन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ लटेरी

लटेरी के मुरवास क्षेत्र में सुबह करीब 8:30 बजे एक सड़क हादसे में 13 वर्षीय बालक की मौत हो गई। इस घटना में उसकी बहन घायल हो गई। गुजरात से बीना की ओर जा रहा पाइप से भरा एक ट्राला अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे गिरे पाइप की चपेट में आने से बालक की जान चली गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक में बड़ी मात्रा में पाइप लदे हुए थे।

बताया जा रहा है कि अचानक संतुलन बिगड़ने से चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ट्रक पलट गया। हादसा इतना भयानक था कि आसपास के लोग सहम गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मुरवास थाना प्रभारी लक्ष्मण डाबर ने बताया कि यह हादसा मुरवास के पास हुआ। ट्राला जब वहां पहुंचा, तभी अचानक सड़क पर एक गाय आ गई। ड्राइवर ने गाय को बचाने के लिए वाहन को मोड़ा, जिससे ट्राला असंतुलित हो गया। ट्राली में बंधे लोहे के पाइप झटके से पट्टे टूटने के कारण सड़क पर गिर गए और ट्राला एक ओर पलट गया। घटना के समय 13 वर्षीय आयन पिता कदिर खान अपनी बहन साहिबा के साथ पैदल जा रहा था। गिरे हुए पाइप की चपेट में आने से आयन गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत लटेरी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसकी बहन साहिबा को भी चोटें आईं, जिसका उपचार कराया गया है। पुलिस ने ट्राला चालक को गिरफ्तार कर लिया है और वाहन को जब्त कर लिया है। मामले की जांच जारी है। बताया गया है कि मृतक आयन के पिता कदिर खान के चार बच्चे हैं।



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-5410
सरसों
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-6030
चना
न्यूनतम भाव-3900
उच्चतम भाव-5380
मसूर
न्यूनतम भाव-5500
उच्चतम भाव-7030
ज्वार
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-4200
मक्का
न्यूनतम भाव-1360
उच्चतम भाव-1641
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-3331
धान
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-4292
बटरी
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-4070
मटर
न्यूनतम भाव-3650
उच्चतम भाव-3650
गेहूं
न्यूनतम भाव -2180
उच्चतम भाव- 2841
तुअर
न्यूनतम भाव-4900
उच्चतम भाव-5950
धनिया
न्यूनतम भाव-6800
उच्चतम भाव-6800

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में शनिवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 3106 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## लॉज में पुलिस ने छापामार कार्रवाई की, पकड़े आठ बालिग लड़के और 10 लड़कियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रेलवे स्टेशन क्षेत्र स्थित एक लॉज में पिछले कई दिनों से पुलिस अधिकारियों को लड़के, लड़कियों के आने की शिकायतें मिल रही थीं। शनिवार को दोपहर के समय शिकायत मिलने के बाद एसडीओपी शिखा भलावी, शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया सहित पुलिस स्टॉफ के साथ मौके पर पहुंचे। जहां जांच पड़ताल की तो सभी कमरे अंदर से बंद थे। जब उन कमरों को एक-एक करके खुलवाए गए तो हर कमरे में लड़के और लड़कियां पाई गईं। पुलिस ने लॉज का रजिस्टर चेक किया और लड़के और लड़कियों के नाम पते की जांच की। जांच के दौरान कई शराब की बोतलें सहित आपत्तिजनक सामग्री भी मिली हैं। इस मामले में एसडीओपी शिखा भलावी ने बताया कि छापामार कार्रवाई में आठ लड़के और 10 लड़कियां मिली हैं, इनके नाम, पते दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है। छापा की सुचना मिलते ही लॉज के पास लोगों की भीड़ जमा हो गई। थाना निरीक्षक संजय वेदिया ने बताया कि मोहर्रम, होली के त्यौहार और





पंचकल्याणक गजरथ महोत्सव के मद्देनजर शहर के सभी होटल और लॉज की नियमित जांच की जा रही है। पुलिस को लॉज में युवक-युवतियों के होने की सूचना मिली थी। युवक-युवतियां कहां से आए थे इसका पता लगाने के लिए युवक युवतियों से पूछताछ की जा रही है। साथ ही उनके बीच क्या संबंध है, इसकी भी जांच की जाएगी। इस पूरे मामले में कोई आपराधिक मामला बनता है या नहीं इन सभी पक्षों पर जांच की जा रही है। जांच के बाद ही इस मामले में आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### भगवान के माता-पिता बनने वाले प्रमुख पात्रों का मंदिर समितियों ने किया अभिनंदन

# पंचकल्याणक महोत्सव के पूर्व घर-घर में बज रहे बधाई गीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आगामी 24 फरवरी से आयोजित होने वाले पंच कल्याणक एवं गजरथ महा महोत्सव के पूर्व जिन प्रतिमा विराजमान करने वाले परिवारों द्वारा अपने अपने घरों में बधाई गीतों का आयोजन किया जा रहा है, तो वहीं भगवान के माता पिता एवं सौधर्म इंद्र बनने वाले प्रमुख पात्रों का समाज जन द्वारा अभिनंदन किया जा रहा है। नगर में संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर मुनिराज एवं आचार्य समय सागर महाराज के मंगल आशीर्वाद व मुनि विमल सागर महाराज, मुनि अनंत सागर महाराज के सान्निध्य में ऐतिहासिक पंचकल्याणक महोत्सव होने जा रहा है। जिसके मुख्य पात्रों का ऐतिहासिक चयन विगत 17 फरवरी को आयोजन स्थल पुरानी कृषि उपज मंडी प्रांगण में किया गया था। परंपरानुसार आयोजन में भगवान के माता पिता





बनने वाले एवं मुख्य पात्रों का नागरिक अभिनंदन सकल जैन समाज द्वारा किया जा रहा है।

उक्त आयोजनों को लेकर समाजबंधुओं में उत्साह का माहौल है। दिनांक 20 फरवरी को शांतिनाथ जिनालय समिति, दिनांक 21 फरवरी को चंद्रप्रभु जिनालय समिति द्वारा रविवार को पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर समिति स्टेशन द्वारा नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम रखा गया है। वहीं भगवान के माता पिता बनने का सौभाग्य डॉ. निर्मला सुनील जैन बरबाई वाला परिवार एवं सौधर्म इंद्र इंद्राणी बनने का सौभाग्य दीपा आलोक जैन परिवार को प्राप्त हुआ है। पंच कल्याणक महोत्सव शुरू होने में सिर्फ दो दिन और शेष है, जिसमें तैयारियों को लेकर पंच कल्याणक समिति ने युद्ध स्तर पर बची हुई व्यवस्थाओं को पूरा करने के लिए कमर कस ली है। आयोजन समिति के अध्यक्ष संतोष जैन कटारे कार्यक्रम के लिए लगभग 25000 वर्ग फीट मुख्य पंडाल निर्मित किया जा है। जिसको बंगाली कारीगरी से आकर्षक बनाया जाएगा। इसके अतिरिक्त 15000 वर्ग फीट का भोजन पंडाल एवं मुख्य कार्यालय के अतिरिक्त आयोजन से जुड़े अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के कार्यालयों का निर्माण किया जा रहा है। वहीं आयोजन समिति द्वारा जिला कलेक्टर अंशुल गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी से भेंट कर कार्यक्रम में आमंत्रित किया एवं प्रशासनिक स्तर आवश्यक सहयोग की मांग की है।

## आगामी 24 से चलेगी धनबाद भोपाल एक्सप्रेस, नगर में भी रहेगा स्टॉपेज



**गंजबासौदा।** झारखंड के औद्योगिक शहर धनबाद से मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के बीच एक नई ट्रेन चलने जा रही है। धनबाद-भोपाल की नई ट्रेन की तिथि की घोषणा हो गई है। सप्ताह में तीन दिन चलने वाली ट्रेन का उद्घाटन 24 फरवरी को भोपाल से और 25 फरवरी को धनबाद से होगा। ट्रेन की नियमित सेवा भोपाल से 28 फरवरी और धनबाद से एक मार्च से शुरू होगी। धनबाद से भोपाल के लिए यह ट्रेन प्रत्येक बुधवार, शनिवार और रविवार को चलेगी। वापसी में भोपाल से धनबाद के बीच सोमवार, गुरुवार और शुक्रवार को चलेगी। स्टेशन प्रबंधक एसके पाल ने बताया कि इस ट्रेन का स्टापेज गंजबासौदा रेलवे स्टेशन पर भी रहेगा। जिसमें धनबाद की ओर जाने वाली ट्रेन रात 10 बजकर 5 मिनट पर आएगी। जबकि भोपाल की ओर जाने वाली ट्रेन सुबह 5 बजकर 11 मिनट पर आएगी। यह ट्रेन धनबाद सहित कतरास चंद्रपुरा, बोकारो थर्मल, रांची रोड,पतरातू, खलारी, टोरी, लातेहार बरवाडीह, डाल्टनगंज, गढ़वा रोड, गढ़वा, नगर ऊंटारी, रेणुकूट, चोपन, ओबरा डैम, करेला रोड, सिंगरौली, बरगवां, खन्ना बंजारी, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, बीना और विदिशा स्टेशनों पर रूकेगी। विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, पूर्व पार्षद रूपेन्द्र शर्मा,अपडाउनर उत्तम शर्मा और ने इस ट्रेन के स्टापेज पर खुशी व्यक्त कर रेल मंत्रालय, रेल प्रशासन का आभार माना है।

## कृषि मण्डी में नए गेहूं की आवक, दाम कम मिलने पर वापस ले गया किसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नवीन कृषि उपज मण्डी में शनिवार को नए गेंहू की आवक हुई। ग्राम बरेठ निवासी डमरू लाल 15 क्विंटल गेंहू को नीलामी के लिए कृषि उपज मण्डी लेकर पहुंचे। जहां नीलामी के दौरान गेंहू की फसल को 2321 रुपए में दुर्गा स्टोर ने बोली लगाकर खरीदा। गेंहू की फसल के दाम कम होने के चलते किसान अपनी कृषि उपज को नीलामी से कैंसिल कराकर वापिस ले गया।

## खबर संक्षेप

### दल ने की संपत्तिकर और जलकर वसूली




**गंजबासौदा।** शनिवार को नगरपालिका दल द्वारा वार्ड क्रमांक 15 में पहुंचकर डॉक्टर संकुल जैन की 50000 की संपत्ति कर राशि जमा कराई गई। अमले ने बताया कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी नगर में जारी रहेगी।

### सीसी सड़क का भूमि पूजन आज

**गंजबासौदा।** पूर्वी रेलवे कॉलोनी वाले सीसी रोड का भूमि पूजन रविवार को विधायक हरिसिंह रघुवंशी द्वारा शाम 4 बजे 4 नम्बर प्लेटफॉर्म के पास पूर्वी रेलवे कॉलोनी में किया जा रहा है। जिसमें गणमान्य नागरिकों से शामिल होने की अपील की गई है।

## बारिश थमते ही सुबह-शाम सर्दी बढ़ी सुबह के समय छाया घना कोहरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विगत दो दिनों तक इलाके भर में बारिश का दौर चलने के बाद शनिवार से बारिश थम गई। बारिश थमते ही सर्दी बढ गई है और सुबह के समय घना कोहरा छाया रहा। जिससे दो पहिया, चार पहिया वाहन चालकों को अपने वाहनों की हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। वहीं दिन के समय धूप निकली, जबकि शाम से एक बार फिर सर्दी बढ गई है।

## विधायक ने किया मंगल भवन का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

महर्षि भृगु संस्कृत उमावि विद्यालय में मंगल भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने विधायक निधि से स्वीकृत 5 लाख रुपए की राशि से बनने वाले भवन का विधिवत भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में विश्व हिन्दु परिषद के पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेश तिवारी मौजूद रहे। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत गौ रक्षा प्रमुख नीलेश अग्रवाल, शैलेंद्र रघुवंशी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश पूजन से हुई।

नीलेश अग्रवाल ने कहा कि धर्म और संस्कृति की रक्षा में संस्कृत विद्यालयों की भूमिका अहम रही है, पुरोहितों की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही है। राजेश तिवारी ने कहा कि प्राचीन संस्कृत और संस्कृति संस्कारों की आधारशिला है। इसे



संरक्षित रखना जरूरी है। विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने कहा कि वर्तमान समय में संस्कारों का क्षरण हो रहा है। ऐसे में संस्कृत शिक्षा का महत्व बढ़ जाता है। उन्होंने विद्यालय को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। अधिक से अधिक विद्यार्थियों से संस्कृत शिक्षा से जुड़ने की अपील की। विद्यालय के पंडित मुन्नालाल शास्त्री ने आगे भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा स्थापना का प्रस्ताव रखा। खाटू श्याम की प्रतिमा स्थापना का प्रस्ताव भी रखा। अतिथियों का शाल-श्रीफल से सम्मान हुआ। अंत में प्रसादी का वितरण किया गया।

## पुण्यतिथि के अवसर पर किया रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को पीपरहूंटा निवासी आदित्य रघुवंशी ने अपने पिता स्वर्गीय मुन्ना रघुवंशी की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर 45 यूनिट रक्तदान किया गया। आदित्य मुन्ना रघुवंशी ने बताया कि वह अभी तक पिछले चार वर्षों में 135 यूनिट रक्तदान करवा चुके हैं। 4 बच्चे थेलेसिमिया के गोद लिए हैं जिन्हे प्रतिमाह रक्त की जरुरत होती है उसकी व्यवस्था कराते हैं। अभी तक 23 गर्भवती महिलाओं को प्रसव के समय रक्त की व्यवस्था करवा चुके हैं, वहीं कई नवजात शिशुओं को भी रक्त की व्यवस्था करवा चुके हैं। आज भी अपने पिता की पुण्य स्मृति में आदित्य मुन्ना रघुवंशी ने रक्तदान शिविर आयोजित किया। जिसमें करीब 35 यूनिट रक्तदान किया गया। इस दौरान राजकुमार मलकानी सहित उनकी पत्नी, पुत्र, पुत्री और पुत्रवधू ने भी रक्तदान किया और अन्य लोगों को रक्तदान के लिए जागरुक किया। इस मौके पर ब्लड बैंक टैक्नीशियन संतोष शुक्ला, राहुल सेन, चंद्रप्रताप सिंह, लोकेश बैरागी, रवि विश्वकर्मा ने सहयोग किया।

### सनकादिक तपोवन आश्रम में प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ आरंभ

## वाणी में विनय से सरल बन जाता है जीवन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सनकादिक तपोवन आश्रम में आयोजित हो रहे पंचकुंडीय श्रीराम महायज्ञ के दौरान कथा व्यास राम मनोहरदास महाराज ने कहा कि सामाजिक जीवन में वंदन केवल प्रणाम नहीं, भीतर के बंधनों से मुक्त होने की साधना बताया गया है। भरत का वंदन दास्य भाव से उपजा हुआ वंदन है जहाँ झुकना कमजोरी नहीं, अहंकार का विसर्जन बन जाता है। इसी भाव से किया गया वंदन मनुष्य को भीतर से हल्का करता है और उसके बंधनों को ढीला कर देता है। भरतजी का जीवन स्वयं वंदन की मुद्रा है। उन्होंने अपने आचरण से दिखाया कि जो व्यक्ति श्रद्धा से झुकना सीख लेता है, वह भीतर से बंधा नहीं रहता। भरत का वंदन किसी व्यक्ति-विशेष के आगे सिर झुकाना नहीं, मर्यादा के आगे अहं को झुकाना है। इस झुकाव में ही मन की गाँठें खुलती हैं और संबंधों के बंधन सहज हो जाते हैं। भरत पादुकाओं को किसी अधिकार या प्रतीक के रूप में चित्रकूट से नहीं ले जा रहे थे। उनके लिए पादुकाएँ वस्तु नहीं, प्रभु की उपस्थिति का अनुभव थीं। पादुकाओं को प्राप्त करने में भरत को वही आनंद मिला, जैसा तब मिलता है जब सीताराम स्वयं अयोध्या में विराजमान हों। सनकादिक आश्रम में चल रही भरत चरित्र कथा के दौरान तीसरे दिवस नौलखी आश्रम के श्रीमहंत राम मनोहरदास जी ने उस प्रसंग का भावार्थ स्पष्ट किया, जिसे अक्सर केवल "पादुका ले जाने" की घटना मान लिया जाता है। भरतजी ने राज वैभव छोड़कर तप का मार्ग अपनाया। वहीं राम की मर्यादा को जीवन का केंद्र बनाकर भरत ने अपने सुख-आराम को तिलांजलि दी। कथा व्यास श्री महंत जी ने कहा कि भरत का वंदन अधिकार से नहीं, स्वीकार से जन्म लेता है। यज्ञ का संचालन आचार्य पंडित केशव शास्त्री, महंत गोविंददास महाराज की उपस्थिति हुआ।

### श्रमदान दल का सफाई अभियान आज चलेगा



**गंजबासौदा।** बेतवा नदी स्वच्छता, संरक्षण एवं जन जागरूकता के उद्देश्य से श्रमदान दल द्वारा संचालित सप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 की श्रृंखला में बेतवा नदी स्वच्छता अभियान का 20 वां चरण रविवार को बेतवा नदी के स्थित रिपटा घाट पर सुबह 7.30 से 9.30 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सभी नगरवासियों से बेतवा नदी स्वच्छता अभियान से जुड़ने एवं नदी जल स्वच्छता, पर्यावरण संवर्धन, संरक्षण अभियान में साझेदार बनने तथा नदियों, जलाशयों की स्वच्छता के लोगों को जागरूक करने में अपना योगदान देने की अपील की है।

## न्यायालय परिसर से चोरी सामान जब्त, चोर और सामान खरीदने वाला कबाड़ी पकड़ाया



**गंजबासौदा।** विगत दिनों पुराने न्यायायल परिसर से चुराई गई सामग्री को सिटी थाना पुलिस द्वारा कबाड़ी के पास से जब्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कबाड़ी योगीराज उर्फ आशीष अहिरवार उम्र 25 निवासी वार्ड नं 10 के पास से चोरी की सामग्री जब्त की गई है। वहीं कबाड़ी द्वारा दी गई जानकारी के बाद आरोपी चोर योगेश बाल्मीकि उम्र 27 वर्ष निवासी ब्लाक ऑफिस के पास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। आरोपी द्वारा गत 27 जनवरी को पुराने न्यायालय परिसर से सामान चुराकर 700 रुपए में कबाड़ी योगीराज को बेचा था। पुलिस की उक्त कार्रवाई में राकेश सेन,सुरेश रघुवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### पाइप से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा



**त्योंदा।** शनिवार को बगरोद चौराहा के पास पाइप से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें ड्राइवर, क्लीनर घायल हो गए, राहगीरों ने सूचना 112 डायल को दी। जिसके बाद पायलट राजा मंसूरी द्वारा मौके पर पहुंचकर घायलों को उपचार के लिए त्योंदा अस्पताल लाया गया। ड्राइवर और क्लीनर शराब के नशे में थे, जो अस्पताल से बिना इलाज कराए ही भाग गए, दोनों के नाम दिनेश आदिवासी, पवार आदिवासी निवासी मंडला थे।

## खबर संक्षेप

### शालाओं के नवीन शाला भवन स्वीकृत हुए

**सागर।** पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह के प्रस्ताव पर खुरई विधानसभा क्षेत्र की तीन शासकीय प्राथमिक शालाओं के जीर्ण-शीर्ण हो चुके शाला भवनों के स्थान पर 52.75 लाख की लागत से तीन नवीन शाला भवन स्वीकृत किए गए हैं। तीनों शाला भवनों का निर्माण लोक निर्माण विभाग करेगा। स्वीकृत हुए खुरई विधानसभा क्षेत्र के शासकीय प्राथमिक शाला जामुन खेड़ी नवीन शाला भवन लागत 18.25 लाख, मालथौन विकासखंड में शासकीय प्राथमिक शाला मगरा का नवीन शाला भवन लागत 16.25 लाख, शासकीय प्राथमिक शाला रेडोन रैयतवारी का नवीन शाला भवन लागत 18.25 लाख की स्वीकृत किए गए हैं।

### पुणे ट्रेन के लिए पोस्ट कार्ड अभियान शुरू

**सागर।** बीना-कटनी होकर पुणे के लिए एक यात्री ट्रेन की मांग को लेकर एकता समिति ने पोस्टकार्ड अभियान शुरू किया है। समिति ने 1000 पोस्टकार्ड प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को भेजने का निर्णय लिया है। आईटी एवं एजुकेशन हब पुणे में बुंदेलखंड के युवा बड़ी संख्या में कार्यरत हैं। इस ट्रैक पर अभी एक भी ट्रेन सीधे नहीं है जिससे हजार परिवारों को आने-जाने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है । पुणे के लिए जबलपुर भोपाल से अनेक ट्रेन है लेकिन बीना- कटनी ट्रेक की उपेक्षा रेल मंत्रालय निरंतर कर रहा है। बीना कटनी होकर पुणे के लिए यात्री ट्रेन की मांग लंबे समय से की जा रही है । एकता समिति ने आज विधायक शैलेंद्र जैन के हस्ताक्षर से पोस्टकार्ड अभियान शुरू किया है। समाज के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों से हस्ताक्षर कर पोस्ट कार्ड भेज कर केन्द्र सरकार का ध्यान आकर्षित कराया जाएगा।

### किसान महाचौपाल के लिए किसान व कार्यकर्ता पहुंचे

**सागर।** कांग्रेसाध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, ट्रेड डील में किसानों के साथ हो रहे अन्याय के विरुद्ध को लेकर 24 फरवरी को भोपाल में किसान महाचौपाल को संबोधित करेंगे।

### कार्यवाही की जानकारी पर आटे का पैकेट लेकर पहुंचा शिकायतकर्ता

# खाद्य विभाग ने किराना दुकान पर पहुंचकर की सैंपल भरने कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर के घेर मोहल्ला स्थित एक किराना दुकानदार द्वारा एक्सपायरी आटे के पैकेट देने के मामले में शनिवार को खाद्य विभाग की टीम ने दुकान पर पहुचकर सैंपल की कार्यवाही की। खाद्य अधिकारी खुदसिया खान व शहरी पटवारी उमेश शर्मा द्वारा किराना दुकान पर पहुचकर दुकान में रखें आटे के पैकेटो का सैंपल लिया।

इसके साथ ही दुकान में रखी अन्य खाद्य सामग्री तेज,घी,मिर्च,मसालो की एक्सपायरी डेट की जांच की गई। दुकानदार द्वारा 11 वर्षीय बच्ची को दिया था एक्सपायरी आटे का पैकेट - नगर के बडापुरा निवासी मनोज यादव की 11 वर्षीय बेटी परीधी यादव घेर मोहल्ला स्थित एक किराना दुकान पर आटे का पैकेट लेकर अपने घर पहुची। तो वही जैसे ही उक्त आटे के पैकेट को खोला तो आटे में इल्लिया निकली। जिस पर बच्ची के पिता मनोज यादव उस आटे के पैकेट को लेकर दुकारदार के पास पहुचें थें और एक्सपायरी डेट निकली इल्लियों वाला आटा बच्ची को क्यों दिया कहा तो दुकारदार ने ड्रामा चालू कर दिया था। साथ ही अपनी दुकान में आग लगाने की धमकी ग्राहक को दी गई। इसको लेकर मनोज यादव ने एसडीएम कार्यालय पहुचें और शिकायती आवेदन देते हुए कहा था कि 17 फरवरी को मेरी 11 वर्षीय बेटी परीधी यादव वार्ड क्रमांक 9 केसरीमल गली स्थित विष्णु नेमा की किराने की दुकान से एक 5 किलो का सारथी



चक्की फ्रेश आटा कंपनी का आटे का पैकिट 170 रूपये में खरीदकर लाई थी। घर पर जब उस आटे के पैकेट को खोलकर आटा निकाला तो आटे में इल्लिया निकली जब पैकेट की एक्सपायरी डेट देखी तो उसकी एक्सपायरी डेट 18 जनवरी 2026 थी जो कि एक माह पहले ही निकल गई। जब में उक्त आटे को दुकानदार के पास वापस करने पहुचा तो दुकानदार द्वारा मेरे साथ गाली-गलोच कर मुझे धमकी दी गई। उन्होने कहा कि इस दूषित आटा खाने से मेरा परिवार का स्वास्थ्य खराब हो सकता था और फूड पायजन फैलने की कोई भी घटना घट सकती थी।

### आटे का पैकेट लेकर पहुंचा शिकायतकर्ता

शनिवार को जैसे ही खाद्य विभाग की टीम किराना दुकान पर कार्यवाही के लिए पहुची तो टीम के दुकान पर जांच की सूचना मिलते ही शिकायतकर्ता एक्सपायरी डेट निकली व इल्लियो वाला आटे का पैकेट लेकर किराना दुकान पर पहुचा। तो वही खाद्य विभाग की टीम ने शिकायतकर्ता से आटे का पैकेट लेकर आटे का सैंपल लिया।

### शिकायत के बाद ही खुलती है विभाग की नींद

नगर के मिलावट खाद्य सामग्री के विक्रय की यदि बात की जाए तो शहर के मुख्य बाजार से लेकर चौक-चौराहो पर मिलावट खौंक अधिक धन लाभ अर्जित करने के लिए नागरिको को मिलावटी सामग्री का विक्रय खुले आम कर रहें है। लेकिन खाद्य विभाग का इस ओर कोई ध्यान नही है। यदि कभी कोई घटना घटित हो जाती है तो विभाग की टीम जांच के नाम पर खानापूर्ति कर चली जाती है। यदि विभागीय अधिकारियो से जब सवाल किया जाता है तो हमेशा की तरह उनका एक ही जवाब रहता है। हमने सैंपल लिए और उन्हें जांच के लिए भेंजा है। जांच रिर्पोट आने के बाद कार्यवाही की जाएगी। लेकिन महिनो बीत जाने के बाद भी किसी प्रकार की कोई कार्यवाही न होने से मिलावट खोरो के हौसलें बुंलद होते जा रहें है।

### इनका कहना है

आटें के पैकेट इल्लिया व एक्सपायरी डेट निकली आटे का पैकेट दुकानदार द्वारा एक ग्राहक को दिया गया था। जिसकी शिकायत हमें मिली थी। वही हमने दुकान पर पहुचकर आटे का सैंपल लिया और अन्य चीजो की भी जांच की गई। साथ ही मौके पर शिकायतकर्ता को भी बुलवाया गया। जो शिकायतकर्ता आटे का पैकेट अपने साथ लेकर आए थें हमनें उसका सैंपल लिया है। जांच के बाद दुकानदार के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

**खुदसिया खान,**
खाद अधिकारी विदिशा।

## मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने 300 करोड़ रुपए की दी मिड़वासा परियोजना की क्षेत्रवासियों को सौगात



**सागर।** प्रदेश के केविनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के अथक प्रयासों से बहुप्रतीक्षित मिडवासा सिंचाई परियोजना को शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस महत्वपूर्ण परियोजना पर कुल 300 करोड़ की लागत आएगी, जिससे क्षेत्र के किसानों को बड़ी राहत मिलने जा रही है। परियोजना के पूर्ण होने पर सुरखी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम करैया जारो, मोकलपुर, हनौताखर्दु, नारायणपुर, बंसिया, बेरसला, बैरसिया, हफसिली, बिहारीखेड़ा, तालग्वारी, गुआरी, बदरचुआ, घाटमपुर, सगोरिया, अर्जना, एवं बरोदा रहली के अलावा नरयावली विधानसभा के ग्राम बरखुआ तिवारी, उदयपुरा तिवारी, समनापुर, किशनपुर, रहली विधानसभा के ग्राम सेमरा अंगद, सिमरिया बेलई, सेजपुरा, देवरी, खांड़, रेवझा, हिलगन, मोहनपुरा एवं ढाना के लगभग 7200 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इससे न केवल फसलों की उत्पादकता में वृद्धि होगी, बल्कि किसानों की आय में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी। लंबे समय से क्षेत्रवासी इस परियोजना की मांग कर रहे थे, जिसे अब मूर्त रूप मिलने जा रहा है।मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के माध्यम से कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाया जा रहा है। ताकि हमारे क्षेत्र के किसान भी पंजाब, हरियाणा जैंसे, कृषि में वृद्धि करके कृषि लाभ कमाएं। भाजपा सरकार का उद्देश्य है कि किसान भाईयों को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाये, जिसको लेकर लगातार सरकार प्रयास कर रही है। इस परियोजना से हजारों किसानों को लाभग मिलेगा तथा क्षेत्र में पानी की समस्या भी खत्म होगी। यह केवल परियोजना नहीं किसानों और क्षेत्र वासियों के लिए पानी का वह स्त्रोत है जिससे अब खुशहाली ही खुशहाली होगी। उन्होंने बताया कि परियोजना के शीघ्र क्रियान्वयन के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए हैं।परियोजना स्वीकृत होने पर सरमन सिंह, नरवदा सिंह, विशाल सिंह, महाराज सिंह, शिवकांत राजौरिया, प्रेमनारायण नगाईच, मोनू राजपूत, डॉ.कमलेश ठाकुर, गोकुल कुर्मी, बुंदेल सिंह, राममनोहर पांडेय, अयज अवस्थी, शैलेंद्र खरे, राघवेंद्र राजपूत, ब्रजेश राजपूत, ओमकार दुबे, शिवप्रसाद कुर्मी, जमुना कुर्मी, मनीष पांडेय, श्यामसुंदर पांडेय, मनोहर सिंह, महेंद्र सिंह, नेपाल सिंह, वृंदावन कुर्मी, सीताराम कुर्मी, दुर्गा रैकवार सहित क्षेत्र के किसानों एवं जनप्रतिनिधियों ने इस स्वीकृति पर हर्ष व्यक्त करते हुए मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का आभार जताया है। माना जा रहा है कि यह परियोजना सुरखी क्षेत्र के कृषि विकास में मील का पत्थर साबित होगी।

## फरसा से मारने के मामले में दोषियों को 7 साल की कैद

**खुरई।** मालथौन के मड़ावनगौरी गांव में हत्या के प्रयास के मामले में द्वितीय जिला सत्र न्यायधीश शोएब खान के न्यायालय ने दोष सिद्ध होने पर आरोपी प्रकाश पिता हलके चढ़ार को 7 साल सश्रम कारावास एवं 10 हजार रुपए अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। अभियोजन की ओर से एजीपी बलवीर सिंह ठाकुर के अनुसार घटना दिनांक 16 दिसंबर 2023 को हरिओम 16 साल पिता देवेन्द्र यादव गांव के आदिवासी मोहल्ला छापर में क्रिकेट खेल रहा था। दोपहर 3 बजे गेंद आरोपी प्रकाश के बाड़े में चली गई। जब आरोपी से गेंद मांगी तो वह अपशब्द कहने लगा। विवाद होने लगा तभी हरिओम ने अपने भाई रानू को बुलाया। उसने प्रकाश को समझाने का प्रयास किया, तभी आरोपी ने फरसा उठाकर रानू की गर्दन पर हमला कर दिया। जो उसके जबड़े में लगा। उसके बाद प्रकाश साथ के लोग आ गए, जिन्होंने हरिओम के साथ भी मारपीट की। इसके बाद घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने हरिओम की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना के बाद प्रकरण न्यायालय में पेश किया।

## गर्मी के पहले ही बागसपुरा में बूंद-बूंद को तरसे ग्रामीण, स्कूल छोड़ पानी ढो रहे मासूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहली

तहसील के ग्राम बगासपुरा में पिछले दो महीनों से जल संकट ने विकराल रूप धारण कर लिया है। गाँव की नल-जल योजना पूरी तरह ठप होने के कारण ग्रामीणों के बीच 'त्राहि-त्राहि' मची हुई है। आलम यह है कि भविष्य संवारने की उम्र में मासूम बच्चे स्कूल छोड़कर सिर पर बर्तन रखे पानी ढोने को मजबूर हैं।

### नल-जल योजना का बोर हुआ खराब

ग्रामीणों ने बताया कि गाँव में स्थापित नल-जल योजना का बोर



पिछले दो माह से खराब पड़ा है। प्रशासन और संबंधित विभाग को इसकी सूचना देने के बावजूद अब तक सुधार कार्य नहीं कराया गया है। पाइपलाइनों में धूल जम रही है और ग्रामीण प्यास बुझाने के लिए दर-दर भटक रहे हैं। गाँव की महिलाएं और बच्चे करीब आधा किलोमीटर दूर स्थित एकमात्र सरकारी हैंडपंप से पानी लाने को विवश हैं।पानी की किल्लत का सबसे बुरा असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। कई बच्चे सुबह स्कूल जाने के बजाय कतारों में लगकर घर के लिए पानी जुटा रहे हैं। भीषण गर्मी की आहट से पहले ही जलस्तर नीचे गिरने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि गाँव का एकमात्र सहारा यह हैंडपंप भी अब दम तोड़ने लगा है। यदि जल्द ही बोर नहीं सुधरा, तो स्थिति बेकाबू हो जाएगी। खराब बोर को तत्काल सुधारा जाए।

## श्री तुलसी यमुना सेवा ट्रस्ट ने सरस्वती शिशु मंदिर में डिजिटल स्मार्ट फ्लैट पैनल भेंट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

किलेअंदर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में श्री तुलसी यमुना सेवा ट्रस्ट द्वारा डिजिटल स्मार्ट फ्लैट पैनल भेंट किया गया है। इस अवसर पर ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी विट्ठल दास जी डांगरा, अपना घर आश्रम के अध्यक्ष डॉ. जीके माहेश्वरी, सचिव जीएस चौहान, विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव उदय ढोली, प्रबंध समिति के सदस्य संजीव राठौड़ विद्यालय के प्रधानाचार्य से दिनेश शर्मा, सरस्वती विद्या मंदिर केशव नगर के प्राचार्य मुकेश दांगी, कार्यक्रम के सूत्रधार रमेश राठौर सहित विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रमेश राठौर आचार्य ने किया। श्री तुलसी यमुना सेवा ट्रस्ट का परिचय एवं अभी तक किए गए समाज सेवा कार्यों का विवरण आश्रम के सचिव जीएस चौहान द्वारा दिया गया। डॉक्टर जीके माहेश्वरी द्वारा बताया गया कि किस प्रकार वह स्वयं इस शिक्षण संस्था से जुड़े रहे हैं




और यहां के विद्यार्थी निश्चित ही राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं बाबूजी डांगरा द्वारा हर संभव सहायता का आश्वासन दिया और अपेक्षा की कि यहां पढ़ने वाले विद्यार्थी निश्चित ही भारत को विश्व गुरु बने इस दिशा में अपना श्रेष्ठ कार्य करेंगे। संस्था प्राचार्य दिनेश शर्मा द्वारा संस्था के उद्देश्यों को बताया गया अंत में आभार प्रदर्शन रामकृष्ण शिक्षण समिति के सचिव उदय ढोली द्वारा किया गया! अंत में विसर्जन मंत्र के द्वारा कार्यक्रम का समापन हुआ।


**नैचुरल इको प्रिंटिंग कार्यशाला का आयोजन हुआः** विदिशा। पालन सेवा फाउंडेशन के सहयोग से नैचुरल इको प्रिंटिंग पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण एवं आदिवासी महिलाओं को पर्यावरण अनुकूल कौशल प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार एवं आजीविका के अवसरों से जोड़ना था। कार्यक्रम में महिलाओं को फूलों और पत्तियों से प्राकृतिक रंग तैयार करने, कपड़ों पर नैचुरल प्रिंटिंग करने तथा इन उत्पादों को बाजार से जोड़कर आजीविका निर्माण करने की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने व्यावहारिक रूप से कपड़ों पर इको-प्रिंट तैयार करना सीखा। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर विदिशा के कलेक्टर माननीय अंशुल गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने महिलाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कौशल विकास कार्यक्रम आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।द्वितीय दिवस का आयोजन ग्राम पौआनाला में किया गया, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इंदौर से डॉ अनिरुद्ध दुराफे,डॉ गौरवेंद्र सिंह, डॉ शुभांगी जोरे उपस्थित रहे। साथ ही डॉ पुष्यमित्र जोशी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्रदान किया। इस अवसर पर पालन सेवा फाउंडेशन की पूरी टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## जंगली सुअरों के आतंक से किसान तबाह, शिकायतों पर वन विभाग अमला मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हैदरगढ़

ग्यारसपुर तहसील के अंतर्गत ग्राम चिकली में जंगली सुअरों के आतंक से किसानों की फसल लगातार चौपट हो रही है।

खेतों में तैयार खड़ी फसल को रातों-रात नष्ट कर दिया जा रहा है, जिससे किसानों की महीनों की मेहनत मिट्टी में मिल रही है। पीड़ित किसानों देवेंद्र धाकड़ का कहना है कि कई बार वन विभाग को शिकायत दी गई, साथ ही सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों के मुताबिक जंगली सुअरों के झुंड रात में खेतों में घुसकर गेहूं, चना और सब्जियों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। खेतों की रखवाली के लिए किसान पूरी रात जागने को मजबूर हैं, फिर भी नुकसान नहीं रुक रहा। कई परिवारों की आजीविका सीधे खेती तय पर निर्भर है, ऐसे में बार-बार हो रही फसल क्षति से आर्थिक संकट गहरा



गया है।किसानों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि न तो गश्त बढ़ाई गई और न ही सुरक्षा के लिए कोई ठोस इंतजाम किए गए। ग्रामीणों सहित प्रेम नारायण किरार, महेश किरार, देवेंद्र मालवीय, हेमराज किरार ने मांग की है कि प्रभावित क्षेत्र में तत्काल पिंजरे, गश्त दल और मुआवजा व्यवस्था लागू की जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी दी गई है। इस संबंध में रेंजर मुस्कान शिवहरे से बात की गई तो बताया कि टीम भेजकर नुकसान की जांच कराएंगे।

### अरिहंत विहार में निर्यापक श्रमण सम्भवसागर महाराज ने दिए प्रवचन

## साधन बढ़ने से सुख नहीं दुविधा व दुख में बढ़ोतरी हो गईः मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

अरिहंत विहार दि. जैन मंदिर में आयोजित प्रातः प्रवचन सभा में निर्यापक श्रमण सम्भवसागर महाराज ने कहा कि वर्तमान समय में साधनों की वृद्धि के साथ मनुष्य की दुविधाएं और दुःख भी बढ़े हैं।

उन्होंने कहा कि गूगल, ए.आई. और चैट जीपीटी के माध्यम से समस्याओं का त्वरित समाधान तो मिल जाता है, लेकिन जीवन की जटिलताएं कम नहीं हुईं। रोबोट और आधुनिक तकनीक ने सुविधाएं बढ़ाई हैं, परंतु वास्तविक सुख नहीं दिया। मुनि श्री ने संसार क्षणभंगुर है का स्मरण कराते हुए कहा कि न शरीर शाश्वत है और न ही धन-संपत्ति। मनुष्य महंगे घर, गाड़ी और सुविधाएं जुटा ले, किंतु अंत निश्चित



है। उन्होंने कहा कि शरीर को साधन मानकर संयमपूर्वक उपयोग करें। अधिक लाड़ से वह आलसी और उपेक्षा से दुर्बल हो जाता है।

मुनिश्री ने आत्महत्या को कायरता बताते हुए कहा कि आयुकर्म पूर्ण होने तक शरीर के साथ रहना ही होगा। धन से सब कुछ खरीदा जा सकता है, पर आयु नहीं। अंतिम समय में अस्पताल, आईसीयू और वेंटिलेटर भी सीमित सहारा देते हैं। उन्होंने धम्मो शरणं पव्वज्जामि का उच्चारण करते हुए धर्म को ही शाश्वत आश्रय बताया। उन्होंने युवाओं को संस्कारवान बनाने, देश में रहकर कर्तव्य निभाने और परिवार को साथ रखने का संदेश दिया। प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया कि 22 फरवरी रविवार से प्रतिदिन प्रातः 8:45 बजे प्रवचन स्टेशन जैन मंदिर में होंगे।

## दस नवजात बालिकाओं को की अस्पताल में बेबी किट वितरित



**विदिशा।** जिला चिकित्सालय में शनिवार को जन्मी 10 नवजात बालिकाओं को बेबी किट वितरित की गईं। यह वितरण कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत किया गया। इस पहल का उद्देश्य बालिका जन्म को प्रोत्साहन देना एवं समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक संदेश प्रसारित करना है। नवजात बालिकाओं के परिजनों को बधाई देते हुए उनके स्वास्थ्य, पोषण और उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा ने बताया कि जिले के समस्त शासकीय चिकित्सालयों में बालिका जन्म पर बेबी किट का वितरण नियमित रूप से किया जा रहा है। इससे न केवल परिवारों को प्रारंभिक सहयोग मिल रहा है, बल्कि बेटियों के जन्म को उत्सव के रूप में मनाने की सकारात्मक सोच भी विकसित हो रही है। कार्यक्रम के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा यह संदेश दिया गया कि बेटियां समाज की शक्ति हैं और उनके जन्म, शिक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राधा कृष्ण शर्मा पुत्र विषेशवर दयाल शर्मा निवासी जतरापुरा कालोनी विदिशा तहसील विदिशा जिला विदिशा म.प्र. द्वारा मेरे पक्षकार इक्वाटास स्मॉल फायनेंस बैंक शाखा विदिशा म.प्र. से लोन प्राप्त करने हेतू आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें उनके द्वारा स्वयं के आधिपत्य का मकान / प्लॉट जो अयोध्या नगर कालोनी वार्ड नं. 17. पटवारी हल्का नं. 50, विदिशा, जिला विदिशा, म.प्र. का आराजी कमांक पुराना 1764 नया 1759 एरिया 320 वर्गफिट जिसकी चतुर्थसीमाएं उत्तर में सौदान का प्लॉट दक्षिण में राधेश्याम का प्लॉट पूर्व में मुन्नीबाई का प्लॉट पश्चिम में रोड़ है यह कि उक्त संपत्ति उनके द्वारा विक्रेता श्री दौलत सिंह कुशवाह पुत्र बाबूलाल कुशवाह निवासी जतरापुरा विदिशा तहसील विदिशा जिला विदिशा म.प्र. से क्रय की थी जिस का विक्रय पत्र दिनांक 07-12-2009 ग्रंथ क्रमांक A1/5486 है उक्त संपत्ति के एकमात्र मालिक श्री राधा कृष्ण शर्मा पुत्र विषेशवर दयाल शर्मा निवासी जतरापुरा कालोनी विदिशा तहसील विदिशा जिला विदिशा म.प्र. हैं उक्त संपत्ति पर किसी व्यक्ति या संस्था का किसी प्रकार का हक या आपत्ति हो या किसी के पास उक्त संपत्ति बंधक आदि रखी गई हो या विक्रय आदि की गई हो तो वह उक्त सूचना प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय स्थित प्रथमतल, जिला सत्र न्यायालय के सामने, इक्वाटास स्मॉल फायनेंस बैंक के उपर, राजीवनगर, विदिशा, जिला विदिशा, म.प्र. में आकर आपत्ति दर्ज करायें ऐसा ना करने की दशा मैं मेरा पक्षकार इक्वाटास स्मॉल फायनेंस बैंक शाखा विदिशा म.प्र. उक्त संम्पत्ति पर लोन प्रदान करने अग्रसर होगी समयावधि के बाद किसी प्रकार की दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

भवदीय आशीष श्रीवास्तव एडवोकेट
प्रथम तल, जिला सत्र न्यायालय के सामने, इक्वाटास स्मॉल फायनेंस बैंक के उपर नेशनल इंश्योरेंस के पास, राजीवनगर विदिशा, जिला विदिशा मो. 9685965100

## भाजपा किसान संवाद एवं जनपद स्तरीय सम्मेलन में बोले विधायकः आखिर कांग्रेस को राम से इतनी नफरत क्यों है?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

शनिवार को कुरवाई भारतीय जनता पार्टी द्वार उत्सव गार्डन कुरवाई में किसान संवाद एवं जनपद स्तरीय किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमे विभीजीरामजी योजना पर वक्ताओं द्वारा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे ने कांग्रेश को जमकर आड़े हाथों लिया जहां कांग्रेस द्वारा विकसित भारत गारण्टी फ़ॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन एक्ट बनाया गया जब उसको शार्ट फॉर्म में पड़ा गया जहां भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम




राम का नाम आया तो उसपर ही विरोध शुरू कर दिया । आज तक कांग्रेस के बड़े नेता राहुल गांधी आज तक राम मंदिर नहीं गए आखिर प्रभु राम से इतनी नफरत क्यों । 2003 के पहले किसानों की क्या स्थिति थी ओर आज किसान की क्या स्थिति है यह हमारी सरकार की देन है। कांग्रेस ने 62 साल देश पे राज किया लेकिन किसानो को क्या दिया सिर्फ अपमान, बेज्जती के अलावा कुछ नहीं दिया लेकिन आज हमारी सरकार की देन है आज किसान के चेहरे पर मुस्कान है, कांग्रेस ने जो भी योजना बनाई सिर्फ अपने नेताओं के नाम पर बनाई । कांग्रेस को सिर्फ सत्ता सर्वोपरि रहा है और हमारी भाजपा सरकार को सिर्फ राष्ट्र सर्वोपरी रहा है और रहेगा। आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश प्रगति के राह पर आगे बढ़ रहा है।

### सफाई-धुलाई नहीं, बजट पर उठे सवाल, साल में दो बार सफाई अनिवार्य

# बिना साफ-सफाई किए सालों पुरानी टंकियों से पिलाया जा रहा दूषित पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले में पेयजल व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। गांवों, कस्बों और तहसील मुख्यालयों पर बनी वर्षों पुरानी पानी की टंकियों की नियमित साफ-सफाई नहीं होने से ग्रामीणों को दूषित पानी सप्लाई किया जा रहा है। हालात यह हैं कि कई स्थानों पर टंकियों के आसपास और ऊपर चमगादड़ों व कबूतरों ने घोंसले बना लिए हैं, लेकिन विभागीय स्तर पर कभी विधिवत सफाई और क्लोरीनीकरण की प्रक्रिया नहीं कराई गई।

ग्रामीण हिम्मत सिंह, उप सरपंच शेर सिंह लोधी, शिशुपाल गौर, महेंद्र पटेल का आरोप है कि कर्मचारी केवल टंकी का पानी खाली कर पुनः सप्लाई शुरू कर देते हैं। जबकि टंकी के भीतर जमी गंदगी, काई और तलछट को हटाने आवश्यक यांत्रिक सफाई नहीं की जाती। इससे बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है।

जानकारों के अनुसार पेयजल टंकियों की कम से कम वर्ष में एक-दो बार सफाई और क्लोरीनीकरण अनिवार्य है। लेकिन जिले में नगर पालिका क्षेत्र को छोड़ दें तो अधिकांश ग्रामीण जल प्रदाय योजनाओं में यह प्रक्रिया कागजों तक सीमित है।



#### जिम्मेदारी पर बना खींचतान

इस मामले में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) संचालन और संधारण की जिम्मेदारी ग्राम पंचायतों पर डाल रहा है। अधिकारियों का कहना है कि हैंडओवर के बाद रखरखाव पंचायत की जिम्मेदारी है। वहीं सरपंच और सचिव बजट की कमी का हवाला देकर सफाई कार्य न करा पाने की बात कहते हैं। परिणामस्वरूप आम नागरिकों को इसकी कीमत चुकानी पड़ रही है।

#### स्वास्थ्य पर मंडराता खतरा

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि दूषित जल से डायरिया, टाइफाइड, पीलिया जैसी बीमारियां फैलने की आशंका रहती है। यदि समय रहते टंकियों की सफाई, ढक्कन की मरम्मत और क्लोरीनीकरण सुनिश्चित नहीं किया गया तो गर्मी के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।

#### साल में दो बार सफाई का नियम, लेकिन अमल नहीं

नियम अनुसार हर पानी टंकी की साल में कम से कम दो बार सफाई व क्लोरीनेशन अनिवार्य है। इसके लिए बजट भी निर्धारित किया जाता है, फिर भी जमीनी स्तर पर सफाई कार्य नहीं हो रहा।

#### जांच की उठाई मांग...

ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि सभी टंकियों की जांच कराई जाए। नियमित सफाई की मॉनिटरिंग हो और पानी गुणवत्ता की लैब जांच सार्वजनिक की जाए। जब तक जवाबदेही तय नहीं होगी, तब तक स्वच्छ पानी का दावा कागजों में ही रहेगा।

#### इनका कहना है

शुद्ध पेयजल के लिए ब्लीचिंग पावडर, फिटकरी और क्लोरीनेशन के लिए हर साल शासन स्तर पर विभाग को बजट आवंटित होता है। इस साल बजट की डिमांड की गई है। जल्द ही बजट आ जाएगा।
- **नलिन सिरोही**, एसडीओ, पीएचई विभाग।



### लोगों का घर से बाहर निकलना दूभर हुआ, घरों में हुए कैद

# फॉरेस्ट कालोनी रहवासियों की मुश्किल में 'डगर', नाला खोदकर गायब ठेकेदार

### नाला निर्माण कार्य में लापरवाही आई सामने, कभी भी हो सकता है हादसा

मुख्य मार्ग पर वाहन चालकों पर भी मंडरा रहा है खतरा

खुले गड्ढे और बंद आंखें, जिम्मेदारों पर उठे सवाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर के सांची मार्ग पर नाला निर्माण कार्य लोगों के लिए राहत की बजाय आफत बन गया है। नाला निर्माण के नाम पर मुख्य मर्गा किनारे जानलेवा गड्ढे खोद दिए हैं। कई दिनों से ठेकेदार ने काम अधूरा छोड़ रखा है।

हालात यह हैं कि रहवासियों ने मजबूरन स्वयं से दो बल्ली के ऊपर बैरिकैड्स रखकर आवागमन मार्ग तैयार किया है, जो कि पूर्णतया खतरे से खाली नहीं है। सांची मार्ग पर माता मंदिर के सामने स्थित फॉरेस्ट कॉलोनी में निवास कर रहे लोगों के घर के सामने खुदा पड़ा नाला मुसीबत बना हुआ है। उक्त नाले में गंदा पानी भी भरा हुआ है। नाले को पार करते समय अगर उसमें कोई गिर जाए तो बड़ी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता है।

कॉलोनी के रहवासियों ने बताया कि ठेकेदार और संबंधित जिम्मेदारों ने गड्ढे तो खोद दिए, लेकिन उसके बाद अधूरा निर्माण कार्य करने के बाद कार्य को अधूरा छोड़ दिया है। जिससे रात के अंधेरे में दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

#### रहवासियों ने उठाई मांग सुचारू आवागमन के लिए विभाग करे व्यवस्था

रहवासी अनिल राजक, कल्लू यादव, महेश तिवारी, अश्विनी पटेल, ललित रजक, श्रीमती अंकित रजक और वैशाली योगी सहित अन्य रहवासियों ने बताया कि रोजमर्रा के कार्यों के लिए घर निकलना चुनौती बन गया है। कई बार बाइक वाहन फिसल चुके हैं और लोग गिरकर चोटिल भी हुए हैं। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी झेलना पड़ रही है। रहवासियों ने मांग की है कि या तो जल्द निर्माण कार्य पूरा कराया जाए या फिर आवागमन सुचारू किया जाए। शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

#### इनका कहना है

नाला निर्माण में पाइप लाइन की समस्या आ रही है, इसलिए निर्माण कार्य धीमा है। जल्द ही अस्थाई पुलिया तैयार कर आवागमन सुचारू किया जाएगा।
- **रमन कुमार**, इंजीनियर पीडब्ल्यूडी

# पूजा के नाम पर बुजुर्ग महिला ने की ठगी, मंगलसूत्र-अंगूठी लेकर फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर के सांची मार्ग स्थित शीतल सिटी कॉलोनी में शनिवार को ठगी की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। थाना कोतवाली क्षेत्र में हुई इस घटना ने कॉलोनीवासियों में दहशत का माहौल बन गया है। बुजुर्ग महिला ने खुद को ध्रुव पटेल की पत्नी मिथिलेश कुमारी बताकर कॉलोनी में प्रवेश किया और अकेली महिलाओं से जेवर लूटकर फरार हो गई।

जानकारी के अनुसार आरोपी महिला घर-घर जाकर पहले आत्मीयता से बातचीत करती थी। उसने महिलाओं को बताया कि वह धार्मिक अनुष्ठान करती है और उनके पुत्र के कल्याण के लिए विशेष पूजा कर सकती है। महिला ने मंगलसूत्र और अंगूठी पूजन के लिए मंगवाई और कुछ ही देर बाद मौका पाकर फरार हो गई। परिजनों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी।

एसपी आशुतोष गुप्ता ने तत्काल जांच के निर्देश दिए। कोतवाली टीआई नरेंद्र गोयल टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रहे है। साथ ही पुलिस संदिग्ध महिला की पहचान और तलाश में जुटी है। घटना के बाद कॉलोनीवासियों में रोष है। लोगों का कहना है कि अज्ञात व्यक्तियों को बिना सत्यापन कॉलोनी में प्रवेश नहीं दिया जाना चाहिए।

## श्रीराम कथा में भावुक प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को किया भावविभोर

**दीवानगंज**। क्षेत्र के गीदगढ़ गुफा मंदिर परिसर में चल रही श्रीराम कथा के छठवें दिन कथा वाचक चंद्र मोहन तिवारी ने रानी कैकेयी द्वारा दो वरदान मांगने के बाद भगवान श्रीराम के वनवास से आगे की मार्मिक कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा सुनते हुए श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं।

कथावाचक ने बताया कि जब कैकेयी ने राजा दशरथ से राम को 14 वर्ष का वनवास और भरत को राजतिलक का वरदान मांगा, तब राम ने पिता के वचन की मर्यादा रखते हुए वन जाने का निर्णय लिया। माता सीता और भाई लक्ष्मण भी उनके साथ वनगमन को तैयार हुए। जिससे अयोध्या शोक में डूब गई।

# पानी को स्वच्छ रखने के लिए डाली कीटनाशक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांची

नगर परिषद सांची द्वारा पेयजल व्यवस्था को स्वच्छ रखने के लिए कीटनाशक दवाई का उपयोग किया जा रहा है। नगर परिषद के वार्ड नंबर 13 की डॉक्टर हेडगेवार कॉलोनी में पेयजल सप्लायर सुरेश तिवारी द्वारा ट्यूबवेलों में कीटनाशक डाली गई, जिससे पानी में किसी प्रकार की कोई भी गंदगी न हो सके।

कई दिनों से नगर के रहवासियों द्वारा शिकायत मिल रही थी कि पानी में गंदगी नजर आ रही है इसी समस्या का निदान करते हुए नगर परिषद द्वारा दवाई का प्रयोग करवाया गया। समय-समय पर यह कार्य होते रहना चाहिए।



# नलजल योजना में ग्राम सचिव की लापरवाही से ग्रामीण हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

ग्राम नकतरा में पीएचई विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत नलजल योजना का कार्य किया गया था। ग्राम में पाइप लाइन बिछाकर, सम्पवेल एवं पूर्व से स्थापित उच्च स्तरीय टंकी के माध्यम से ग्राम में पेयजल प्रदाय योजना को चालू किया गया। विभाग द्वारा 3 माह से ज्यादा से ज्यादा नलजल योजना का संचालन संधारण किया परंतु ग्राम पंचायत की उदासीनता से नलजल योजना आज चल नहीं पा रही है।

ग्राम सचिव अशोक भट्ट से अनेक बार विभाग द्वारा योजना हस्तांतरण के संबंध में चर्चा की गई, परंतु उनके द्वारा कोई प्रतिक्रिया नहीं दी जाती है। अब सचिव द्वारा पीएचई विभाग के लोगों का फोन भी उठाना बंद कर दिया गया है।

#### ग्राम सचिव की मनमानी योजनों में बन रही बाधा

ग्राम में चौराहे पर स्थित मोटर पंप की केबल जल जाने से मोटर पंप भी बंद हो गया है जो पीएचई विभाग द्वारा दिया जाते है जिसका संधारण ग्राम पंचायत द्वारा किया जाता है। जब सचिव से इसमें मोटर पंप की केबल बदलने विभाग ने बोला तो इनके द्वारा केबल क्रय करने से मना कर दिया। एक ओर पीएचई विभाग तो नलजल योजना बना रहा है, परंतु अशोक भट्ट जैसे सचिव होने से योजना का चलना संभव प्रतीत नहीं हो रहा है क्या जिला प्रशासन ऐसे सचिवों पर कार्यवाही करेगा।


#### इनका कहना है

नकतरा की नलजल योजना जल्द ही चालू कराई जाएगी। हमने पीएचई विभाग के अमले को निर्देशित किया है। ताकि ग्रामीणों को पेयजल के लिए परेशान नहीं होना पड़े।
- **शंकर सिंह पांसे**, सीईओ, जनपद पंचायत सांची।

# शिविर में आगे आए युवक 13 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन/सांची

शनिवार को सिविल अस्पताल सांची में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रक्तदान के लिए जिला चिकित्सालय रायसेन से आए रक्तदान वाहन ब्लड डोनेशन एवं कलेक्शन वैन का उपयोग किया। जिसमें सांची सहित नगर के 13 नवयुवकों ने आगे आकर रक्तदान किया। सांची सीबीएमओ डॉ रवि राठौर ने बताया कि रक्तदान करना मानव जीवन के लिए सबसे पुनीत कार्य है। लोगों को रक्तदान करते रहना चाहिए। हमारे द्वारा भी समय-समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। ताकि



समय पर ज़रूरतमंदों को रक्त की कमी नही होने पाए। और अस्पताल में ही रक्त की आवश्यकता पूरी हो जाए। इसी के मद्देनजर शनिवार को सांची सिविल अस्पताल के शिविर में तेरह युवाओं ने रक्तदान किया है। सांची सलामतपुर अस्पताल ब्लड बैंक में रक्तपूर्ति के लिए सबसे बड़ा वर्ग युवाओं का ही है।

## प्रशासन की कार्रवाई, जिला अस्पताल में बंधुआ मजदूरों का मेडिकल चेकअप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

फॉलोअप

शनिवार को जिला व पुलिस प्रशासन ने ईंट भट्टे पर बंधुआ मजदूरी के मामले में सख्त कार्रवाई करते हुए मुक्त कराए परिवारों का जिला अस्पताल में मेडिकल चेकअप कराया। मामला नीमखेड़ा क्षेत्र के केवटी गांव स्थित एक ईंट भट्टे से जुड़ा है, जहां श्रमिकों और बाल बंधुआ मजदूरों को डरा-धमकाकर काम कराने की शिकायत सामने आई थी।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, भट्ठा संचालक विजय कुमार गुप्ता भोपाल द्वारा एक नाबालिग बच्चे को आठवीं बोर्ड को परीक्षा देने से रोके जाने पर कलेक्टर को शिकायत दर्ज कराई गई थी।

# संघ संगठित हिंदू समाज में विलीन हो जाएगा: डॉ. राजेश सेठी

### संघ के शताब्दी वर्ष में हुई प्रमुख जनगोष्ठी, हर वर्ग और महिलाओं की रही उपस्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में संघ के बरेली जिला मुख्यालय के एक मैरिज गार्डन में प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. राजेश सेठी द्वारा संघ की स्थापना, कार्यों और संघ के उद्देश्यों की विस्तार से चर्चा




की गई। गोष्ठी में समाज के विभिन्न वर्गों के प्रमुख जनों, मातृशक्ति की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में 8-10 प्रवधों द्वारा संघ के कार्यों वर्तमान स्थिति के संबन्ध में प्रश्न पूछे गये जिनका डॉ. राजेश सेठी द्वारा संघ की कार्य पद्यति विचारधारा के अनुसार सटीक प्रभारी उत्तर देकर समाधान किया गया।

#### संघ का उद्देश्य सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी

मुख्य वक्ता संघ के प्रांतीय सह संघ चालक डॉ. सेठी ने अपने संबोधन में संघ की 1925 में स्थापना से लेकर वर्तमान तक एवं शताब्दी वर्ष में हिन्दू जागरण संगठन और 5 परिवर्तनों की विस्तार से चर्चा की। कहा कि संघ का उद्देश्य भारत को परम व्यभव पर पहुंचाना, विश्व गुरु बनाना है। संघ ने विपरीत परिस्थितियों, प्रतिबंध लगने के बाद भी राष्ट्रीय हित में कार्य किए। राजसत्ता से नहीं समाज परिवर्तन हिन्दू समाज के संगठित होने से संघ का उद्देश्य सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी, इसके लिए सज्जन व्यक्तियों को आगे आ कर कार्य करना होगा। विविधता में एकता भारत हिन्दू समाज की विशेषता है। विश्व कल्याण की कामना संघ और हिन्दू समाज सनातन संस्कृती द्वारा की जाती है।

### जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों की बैठक

# अंतिम प्रकाशन : जिले में अब 9 लाख 90 हजार 681 मतदाता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शनिवार को कलेक्ट्रेट में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण विश्वकर्मा की अध्यक्षता में हुई राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक में फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 अंतर्गत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया तथा बैठक में चारों विधानसभा क्षेत्रों की फोटो निर्वाचक नामावली का एक-एक सेट तथा फोटो रहित मतदाता सूची की सीडी पार्टी के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रारूप प्रकाशन 23 दिसंबर 2025 से 21 फरवरी तक प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण चारों विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा किया गया।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय ने जानकारी दी कि प्रारूप प्रकाशन के समय जिले में 976689 मतदाता थे। जिनमें 510552 पुरुष, 466119 महिला एवं 18 अन्य मतदाता शामिल थे।




#### 19 हजार 66 नए नाम जुड़े, 5 हजार 74 नाम विलोपित

एसआईआर के दौरान फार्म-6 के माध्यम से 16276 नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए, जबकि फार्म-8 से 2790 मतदाताओं का स्थानांतरण हुआ। इस प्रकार कुल 19066 नाम मतदाता सूची में शामिल किए। वहीं फार्म-7 के तहत 5074 नाम विलोपित किए तथा फार्म-8 के माध्यम से 6350 मतदाताओं के नाम, फोटो, आयु और पते में संशोधन किया गया।

दावे-आपत्तियों के निराकरण के बाद अब जिले में कुल मतदाताओं की संख्या बढ़कर 990681 हो गई है। इनमें 517588 पुरुष, 473075 महिला तथा 18 अन्य मतदाता है।

#### 1384 मतदान केंद्र...

रायसेन जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों—सांची, भोजपुर, सिलवानी और उदयपुरा में कुल 1384 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें उदयपुरा में 364, भोजपुर में 346, सांची में 366 और सिलवानी में 308 मतदान केन्द्र शामिल हैं। जिले में 336 शहरी एवं 1048 ग्रामीण मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं।

#### 18-19 आयु के 16961 नए वोटर

जिले में वर्तमान ईपी रेश्यो 62.75 फीसदी तथा जेंडर रेश्यो 914 दर्ज किया है। पीडब्ल्यूडी मतदाताओं की संख्या 11035 है। 18-19 आयु वर्ग के 16961 नए मतदाता सूची में शामिल हुए हैं। जबकि 85 वर्ष से अधिक आयु के 5731 मतदाता दर्ज हैं। सर्विस मतदाताओं की संख्या 525 बताई गई है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### रात में हुई हल्की बारिश से फिर लौटी ठंड, गिरा तापमान

# आसमान में छाए बादलों ने दिखाया असर, नर्मदा क्षेत्र में हल्की बारिश हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

पिछले 2 दिनों से आसमान में घने बादलों का डेरा बना हुआ था। शुक्रवार की दरमियानी रात को सम्पूर्ण नर्मदा क्षेत्र में हल्की बारिश होने से सड़कें और खेतों में खड़ी फसलें भीगती रही। तीसरे दिन शनिवार को भी आसमान बादलों से ढका रहा। बारिश के असर से होली पूर्व एक बार पुनः ठण्ड लौट आई है।

इसी के साथ दिन और रात के तापमान में गिरावट आने से शीत लहर का माहौल बना है। जिस प्रकार आसमान में घने बादलों का डेरा बना हुआ था उससे बारिश की संभावना बनी हुई थी। बारिश के बाद भी बादल छाए रहने से अभी फसलों पर बना खतरा टला नहीं है।



हल्की बारिश होने से अधिकांश गेंहू, चना की फसलों को लाभ की स्थिति रही। यदि तेज हवा आंधी के साथ बारिश होती तो फसलों को बड़ा नुकसान हो सकता था।

#### फिर लौटी ठंड

3-4 दिनों पूर्व तक तेज धूप और गर्मी का माहौल बना हुआ था। बादल छाने और बारिश के बाद पुनः शीत का प्रकोप शुरु हो गया है। कभी ठण्डा कभी गर्म मौसम लोगों की सेहत के साथ फसलों की सेहत पर भारी पड़ रहा है। चना, गेंहू की फसलों में इल्ली, कीट प्रकोप की शुरुआत होने लगी है।